Dr. Sangita Kumari Saha
B.A D-I. (4) IInd paper.


Continue . . .

# Types of Leader


## Lippitt & White's Classification -

लिपिट एवं व्हाइट (1939) ने Kurt Lewin के निर्देशन में एक अध्ययन किया जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने नेतृत्व के तीन प्रकार बतलाये —

(1) Authoritarian leadership :- सत्तावादी नेता अपने समूह में निरपेक्ष अधिकार या सत्ता अधिकार रखता है। वह स्वयं ही समूह की नीतियों का निर्माण करता है। तथा समूह की योजनायें तैयार करता है। समूह लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में किये जाने वाली क्रियाओं के बीच क्रम को स्वयं जानता है। वह सदस्यों की क्रियाओं एवं उनके सम्बन्धों का निर्धारण स्वयं ही करता है। वह अपने ही यह निश्चित करता है कि समूह में किस व्यक्ति को ईनाम दिया जाये तथा किस व्यक्ति को दण्ड दिया जाए। इस तरह से समूह के प्रत्येक सदस्य की 'भाग्य' की कुंजी उसके ही हाथ में होती है।



Star Shaped Structure



Net Shaped Structure.

ऐसे समूह की Sociometric Structure एक तारा के आकार Star Shaped का होता है।

Lippitt & White (1939) के अनुसार सत्तावादी नेता task-oriented होता है इसका अर्थ है कि ऐसे नेता सदस्यों के कल्याण की चिन्ता कम तथा सदस्यों द्वारा समूह की प्राप्ति की दिशा में अधिक से अधिक कार्य किये जाने पर बल डालते हैं ऐसे नेतृत्व में समूह के सदस्यों का मनोबल कम होता है।

(2) Democratic Leadership → प्रजातंत्रात्मक नेता सत्तावादी नेता के ठीक विपरीत होता है। वह समूह लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बनाये जाने वाले नीतियों एवं योजनाओं का निर्धारण करने के लिए सभी प्रमुख सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर एक निश्चित निर्णय पर पहुँचता है। वह समूह के कार्यों को सभी सदस्यों में बाँट देता है तथा सदस्यों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करता है। इस तरह से ऐसे नेतृत्व में अधिकारों एवं सत्ता का decentralization होता है। नेता तथा सदस्यों के बीच का संबंध सीधा होता है। ऐसे नेतृत्व वाले समूह के Sociometric Structure net के समान होता है। इससे स्पष्ट है कि किसी समस्या पर सदस्य इस तरह के नेतृत्व में आपस में बातचीत या विचार-विमर्श खुलकर करते हैं।

(3) Laissez-faire or abdicratic Leadership

इस तरह के नेतृत्व का प्रतिपादन सबसे पहले 18वीं शताब्दी में फ्रांस में हुआ था। इस तरह के नेतृत्व से तात्पर्य वैसे नेतृत्व से होता है जहाँ नेता अपने समूह के सदस्यों पर नाम मात्र का नियंत्रण रखता है। इस तरह के नेतृत्व में नेता न तो मार्गदर्शन करता है और न ही किसी तरह का निर्देश

अपनी ओर से देता हूँ According to Reber (1958)

In Social psychology, it (laissez-faire) is used to characterize any leadership system that operates with minimum control. In the true laissze-fare system no control is provided by the leader not even assitance or guidance".

समाज मनोविज्ञान में नेतृत्व के कई प्रकार बतलाये गए हैं इन सभी प्रकार में से दो प्रकार अधिक लोकप्रिय हैं — (i) सत्तावादी नेता (ii) प्रजातांत्रिक नेता। फिर इन दोनों में से प्रजातांत्रिक नेतृत्व अधिक सामान्य है।